आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025

वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# सैफ अली खान पर चाकू से हमला



## लीलावती अस्पताल में भर्ती

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला हुआ है। वह घायल हो गए हैं। उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सैफ अली खान के घर में चोर घुस गया था सैफ अली खान बांद्रा के सतगुरु शरण में रहते हैं। बताया जाता है कि सैफ अली खान के इसी घर में चोर घुस गया था. इस दौरान एक चोर ने सैफ पर हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, ये घटना करीब सुबह 3 बजे की है. एक चोर सैफ के घर में घुस गया था. इसी दौरान कुछ नौकर नींद से उठे. उन्होंने शोर मचाया. सैफ अली खान की भी नींद टूटी. वह बाहर आ गए. उन्होंने चोर को पकड़ने की कोशिश की. इसी दौरान चोर ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया. वह घायल हो गए. घर के नौकर और कुछ सदस्य सैफ को अस्पताल लेकर गए. उन्हें भर्ती कराया गया. राहत की बात यह है कि सैफ का जख्म गंभीर नहीं है।

### पुलिस ने क्या कहा?

इस घटना पर मुंबई पुलिस का बयान आया है. पुलिस ने कहा है कि देर रात एक अज्ञात व्यक्ति अभिनेता सैफ अली खान के आवास में घुस गया और उनकी नौकरानी से बहस की। जब अभिनेता ने हस्तक्षेप करने और उस व्यक्ति को शांत करने की कोशिश की तो उसने सैफ अली खान पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है. उसने सैफ अली खान के घर में काम करने वाले और सुरक्षा का काम करने वाले लोगों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।पुलिस कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले गई है।

### करीना और बच्चे सुरक्षित

सैफ की पत्नी और एक्ट्रेस करीना कपूर और उनके बच्चे सुरक्षित हैं. परिवार ने फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. वहीं, घटना के बाद चोर फरार है. मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम उसे पकड़ने में जुट गई है. घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। एनसीपी (शरद पवार गुट) नेता सुप्रिया सुले ने सैफ अली खान के परिवार को फोन किया है।उन्होंने कहा कि पुलिस जांच कर रही है. परिवार का स्टेटमेंट आना चाहिए. किसी के घर पर हमला हुआ तो बुरा तो लगेगा।

सैफ के घर के आसपास जितने भी पुलिस स्टेशन हैं, उन्हें घटना की जानकारी दी जा चुकी है। पुलिस की पहली प्राथमिकता चोर को पकड़ने की है।

## तैमूर की नैनी को बनाया था बंधक, मांगे 1 करोड़ रुपए; सैफ अली खान के घर में चाकूबाज ने और क्या क्या किया?

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सैफ अली खान के घर में घुसे चोर ने तैमूर की नैनी से 1 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। आरोपी ने तैमूर की नैनी को बंधक भी बना लिया था। उन्होंने थोड़ी चाट भी आई है। पुलिस ने बताया कि चाकूबाज ने सैफ से कुछ नहीं मांगा था।



### चाकूबाज ने सैफ पर 6 बार किए हमले

बता दें कि देर रात मुंबई के बांद्रा स्थित सैफ अली खान के घर में दाखिल होकर आरोपी ने उन पर हमला किया।

रात 2 बजे एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में दाखिल होकर उनकी नौकरानी से बहस करने लगा।

जब सैफ ने आरोपी से बातचीत करने की कोशिश की तो उसने उन पर अटैक कर दिया। इसी दौरान सैफ पर उसने धारदार हथियार से 6 बार हमला किया। एक्टर की लीलावती अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### रात 2 बजे सैफ के घर में दाखिल हुआ चाकूबाज

इस घटना को लेकर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सैफ के घर में हमले के कुछ घंटे पहले ही मौजूद था। सैफ अली खान सतगुरु शरण 12 मंजिला बिल्डिंग में रहते हैं। सैफ और उनका परिवार 11वीं और 12वीं मंजिल पर रहता है। रात करीब 2 बजे के आस-पास सैफ अली खान के घर पर उन पर चाकू से हमला किया।

## नौकरानी से बहस करने लगा

पुलिस के हवाले से न्यूज रिपोर्टस में बताया गया है कि कल देर रात एक अज्ञात व्यक्ति अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुस आया और नौकरानी से बहस करने लगा। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर उस व्यक्ति को शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुंबई पुलिस के डीसीपी ने इस मामले पर कहा कि अभिनेता सैफ अली खान के घर में एक अज्ञात व्यक्ति घुस आया। एक्टर और चोर के बीच हाथापाई हुई जिसमें एक्टर घायल हो गए।

सैफ अली खान की नौकरानी को भी इस हमले में चोट लगी है और दोनों का इलाज चल रहा है।

## एक्टर की सर्जरी चल रही

लीलावती ने पुष्टि की है कि सैफ अली खान की सर्जरी अभी चल रही है। इस हमले में सैफ अली खान को कई चोटें आई हैं। उनके गर्दन के पीछे 10 सेंटीमीटर और बाएं हाथ पर कट के निशान हैं। उनकी पीठ में कोई चीज घुसी हुई है, जिसे निकालने के लिए ढाई घंटे तक एक्टर की सर्जरी चली।

लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया, सैफ पर उनके घर में एक अज्ञात व्यक्ति ने हमला किया। उन्हें सुबह 3:30 बजे लीलावती लाया गया। उन्हें छह चोटें आई हैं, जिनमें से दो गहरी हैं। एक चोट उनकी रीढ़ के पास है। हम उनका ऑपरेशन कर रहे हैं।

न्यूरोसर्जन नितिन डांगे, कॉस्मेटिक सर्जन लीना जैन और एनेस्थेटिस्ट निशा गांधी उनका ऑपरेशन कर रहे हैं। सर्जरी होने के बाद ही हमें पता चलेगा कि उन्हें कितना नुकसान हुआ है।



## बहन ने की भाई के लिए दुआ

सबा ने आगे लिखा- मुझे वहां नहीं होने की कमी खल रही है। आपसे जल्द आकर मिलूंगी। आपके लिए हमेशा दुआ करती हूं। आपसे बहुत प्यार है। बता दें कि सबा सैफ की छोटी बहन हैं। उन्होंने बॉलीवुड की राह ना चुनकर ज्वेलरी डिजाइनिंग में अपना करियर बनाया।

फिलहाल हमलावर की तलाश के लिए 10 टीमें बनाई हैं। वहीं एक अज्ञात शख्स की सीसीटीवी फुटेज भी उनकी बिल्डिंग से जारी हुई है।

## अस्पताल का बयान जानिए

लीलावती अस्पताल के सीईओ नीरज उत्तमानी ने कहा कि सैफ के शरीर पर कुल छह घाव थे और उनमें से दो गहरे थे। उनकी रीढ़ की हड्डी के पास एक घाव है। हम उनका इलाज कर रहे हैं. न्यूरोसर्जन नितिन डांगे, कॉस्मेटिक सर्जन लीना जैन और एनेस्थेटिस्ट निशा गांधी उनका इलाज कर रहे हैं.घटना पर एक्टर की टीम ने कहा, सैफ अली खान के आवास पर चोरी का प्रयास किया गया. वह फिलहाल अस्पताल में सर्जरी के दौर से गुजर रहे हैं. हम प्रशंसकों से धैर्य रखने का अनुरोध करते हैं.

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525
आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# देश में सारे वाहन चालकों के लिए फिर बदला सिस्टम

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** देश में मार्च कुछ साल पहले ही लागू हुए फास्ट टैग सिस्टम को अब नया सिस्टम बदलने जा रहा है. मार्च कुछ साल पहले वाहन चालकों को अपने गाड़ियों में किसी भी टोल टैक्स पर रख कर फास्ट टैग लगवाना पड़ा था उसी प्रकार से अब नया व्यवस्था फिर से लागू होने जा रहा है जिसके अंतर्गत GNSS सिस्टम लगवाना होगा।

हर बार की भांति इस बार भी नए सिस्टम को लेकर नए चैलेंज किए गए हैं और जनता को भरपूर फायदे गिनाई जा रहे हैं. जब पहली बार फास्ट टैग सिस्टम लागू हुआ था तब यह बताया गया था कि लोगों के लिए 30 सेकंड के भीतर टोल टैक्स पर करना आसान हो जाएगा. इतना ही नहीं लोगों के पैसे बचेंगे इसका भी दावा किया गया था।

हालांकि इसमें से महज दो ही चीज है अभी तक सामने दिखाई हैं तो वह यह है कि अब टोल प्लाजो पर पहले के मुकाबले काम लंबा लाइन लगा हुआ रहता है लेकिन अभी भी टाल प्लाजो पर वाहनों की कतार आम बात है. कभी




लिंक फेल तो कभी सिस्टम काम नहीं कर रहा है इत्यादि बोलकर लोगों को 10 मिनट से 15 मिनट तक का समय टोल प्लाजा को पार करने में लग जाता है। नए सिस्टम का चालू हो गया है टेस्टिंग, और इसमें भी भरपूर फायदे गिनाई जा रहे हैं। GNSS सिस्टम को भारतीय सड़कों पर लाया जा रहा है और दावा किया जा रहा है कि अब टोल प्लाजा हटा दिए जाएंगे और उसके जगह पर सैटेलाइट बेस सिस्टम Toll वसूली का काम करेगा. इतना ही नहीं इस सिस्टम को इस्तेमाल करने वाले वाहनों को 20 किलोमीटर के दायरे में अगर रुकना है या घर इत्यादि है तो उसका टोल टैक्स वसूली नहीं होगा।

इतना ही नहीं इस पर जो काटने वाला चार्ज है वह प्रति किलोमीटर के हिसाब से कटेगा ताकि लोग जितना एक्सप्रेसवे पर चलेंगे उतना ही टोल टैक्स उन्हें देना पड़ेगा. कई बार किसी लूप लाइन से या अन्य हाईवे से सफर करते हुए लोग शहर आते हैं और शहर के पास लगे हुए टोल टैक्स पर भारी भरकम पैसा उन्हें दे देना पड़ता है. इस संकट से अब उन्हें मुक्ति मिलेगी।

मौजूदा समय में इसे दो प्रमुख सड़कों पर टेस्ट किया जा रहा है जो की बेंगलुरु मैसूर हाईवे NH 275 है और पानीपत हिसार हाईवे NH 709 है। एक बार यह सिस्टम हर तरीके से सफल परीक्षण में पास होता है तो जल्द ही लोगों को फिर से एक नया सिस्टम इनस्टॉल करने के लिए गाड़ियों को सर्विस सेंटर या टोल नको पर खड़ा करना होगा और नया सिस्टम लगवाना होगा।

# 21 जनवरी को दिल्ली कूच करेंगे किसान, सरवण सिंह पंधेर ने दी केंद्र को चेतावनी

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** आंदोलन कर रहे किसानों ने 21 जनवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान कर दिया है। इस कूच में 101 किसान जाएंगे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने इसका ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र का अभी बातचीत करने का मन नहीं हैं, इसलिए हम आंदोलन को और तेज करने जा रहे हैं।

### पीएम मोदी के रहते लागू करवाएंगे कानून

इसके साथ ही सरवण सिंह पंधेर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के रहते ही देश में एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी का कानून लाया जाएगा। किसान इस बार पूरी तरह से तैयार हैं और वह दिल्ली कूच करके अपनी मांगों को स्वीकार करवाएंगे।



### 3 बार कर चुके हैं कूच

आपको बता दें कि किसान दिसंबर के महीने में 3 बार दिल्ली कूच कर चुके हैं। पर तीनों बार हरियाणा पुलिस ने किसानों को आगे बढ़ने नहीं दिया और बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक लिया गया। जिसके बाद किसानों ने अब एक बार फिर से कूच करने का फैसला किया है।

### 52 दिन से अनशन पर हैं डल्लेवाल

बता दें कि MSP की गारंटी कानून को लेकर 11 महीने से शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत डल्लेवाल 52 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उनके समर्थन में 111 किसान लगातार दूसरे दिन अनशन पर बैठे हैं।

## सड़क पर घूमते 30 लाख कुत्तों की हत्या करने जा रहा ये मुल्क, दुनियाभर में गुस्सा

**जालंधर( पवन कश्यप ):** अफ्रीकी देश इस विश्वकप के आयोजन के लिए शहरों को साफ करने का प्लान बना रहे हैं, ऐसे में 30 लाख कुत्तों की कुर्बानी दी जाएगी। इसे लेकर दुनिया भर के लोगों में काफी ज्यादा गुस्सा है और जगह- जगह पर प्रदर्शन किया जा रहा है। फीफा विश्वकप 2030 का आयोजन मोरक्को, स्पेन और पुर्तगाल में किया जाएगा, इस आयोजन के लिए ये देश शहरों को साफ करने का प्लान बना रहे हैं, इसके लिए 30 लाख कुत्तों को मारने का लक्ष्य रखा गया है। एनिमल वेलफेयर के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इसमें अमानवीय तरीके भी शामिल हैं। रिपोर्ट के दावे के मुताबिक कहा गया है कि इन शहरों में कुत्तों को जहर दिया जाता है, गोली मारी जाती है या दर्दनाक औजारों का प्रयोग करके उन्हें पकड़ा जाता है फिर उन्हें भीड़भाड़ वाले शेल्टर्स में ले जाया जाता है जहां पर उन्हें क्रूरता के साथ मार दिया जाता है। इस काम का विरोध करने वाले लोगों ने कहा कि कुत्तों को बिजली का झटका भी दिया जाता है, इसके अलावा घातक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए पानी का भी छिड़काव किया जाता है। मामले को लेकर अंतर्राष्ट्रीय पशु कल्याण और संरक्षण गठबंधन ने दावा किया है कि मोरक्को के अधिकारियों को ऐसा करने से रोकने के आश्वासन के बाद पहले से ज्यादा तेज हत्या हो गई है।



# अमृतसर में शराब कारोबारी के आवास पर ग्रेनेड हमला, आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के अमृतसर जिले के गांव जैंतीपुर में रात को शराब कारोबारी अमनदीप जैंतीपुरिया के घर पर ग्रेनेड हमला हुआ है। इस हमले में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है फिलहाल पंजाब पुलिस कुछ भी कहने से कतरा रही है। आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

बताया गया है कि शराब कारोबारी अमनदीप डेरा बाबा नानक से सांसद व पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा का करीबी है। जैंतीपुर गांव मजीठा हलके में है। ग्रामीणों का कहना है कि मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने अमनदीप के घर पर ग्रेनेड नुमा कोई वस्तु फेंकी। इससे वहां जोरदार धमाका हुआ। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

पूर्व विधायक और अकाली नेता बिक्रम मजीठिया ने पूरी घटना की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। मजीठिया ने कहा कि इससे पहले मजीठा पुलिस स्टेशन को







निशाना बनाया गया और अब जैंतीपुर में बम फेंका गया है। पंजाब का लॉ एंड ऑर्डर ऐसा हो चुका है कि लोग पुलिस के पास आने की जगह फिरौती दे रहे हैं। इन घटनाओं के बाद भगवंत मान को इस्तीफा दे देना चाहिए।

इस घटना के कुछ समय बाद बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट को वायरल किया। इसमें लिखा गया कि आज मैं जैंतीपुर में शराब ठेकेदार पप्पू जैंतीपुर के घर पर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेता हूं।'

इसके पीछे कारण यह है कि कुछ समय पहले हमने उन्हें फोन कर कहा था कि इस बार पंजाब में शराबबंदी करनी है और इसकी शुरुआत माझा से करनी है, हमारी बात को उन्होंने हल्के में लिया और बात को नजरअंदाज कर दिया। अब हम इसे अपने तरीके से समझाएंगे। इन ठेकेदारों द्वारा गुरु घर और स्कूलों के पास कई ठेके खोले गए, लेकिन अब इसकी काफी निंदा हो रही है। दूसरे लोग उनके अधीन काम कर रहे हैं, इस बारे में सोचें।

हमने उन्हें पहले मौखिक रूप से बताया था लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की, इसके बाद हमने उनके ठेके में आग भी लगा दी।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# जालंधर में दिन-दहाड़े चली गोलियां, पेट्रोल पंप मैनेजर से कैश लेकर फरार लुटेरे

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में नई दाना मंडी के पास दिन-दहाड़े 3 बाइक सवार लुटेरे पेट्रोल पंप के मैनेजर से कैश लेकर फरार हो गए हैं। लुटेरों ने एक व्यक्ति पर गोली भी चलाई। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल बन गया है।

**व्यक्ति के पेट और पैर में लगी गोलियां** – घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक लुटेरों ने 2 गोलियां चलाई हैं। जिसमें घायल व्यक्ति के एक गोली पेट में लगी है जबकि दूसरी गोली उसके पैर में लगी है। लुटेरों ने पहले बाइक सवार को बाइक से गिराया। इस दौरान वह भागकर उसे उठाने के लिए जाने लगा तो लुटेरों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी और व्यक्ति से बैग छीनकर फरार हो गए।


**बिना नंबर बाइक की पर आए थे लुटेरे** – कहा जा रहा है कि व्यक्ति कैश लेकर बैंक में पैसे जमा करवाने के लिए जा रहा था। इस दौरान लुटेरों ने घटना को अंजाम दे दिया। लुटेरों की बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। लुटेरे कितना कैश लेकर मौके से फरार हुए फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है।

### घटनास्थल से मिले गोलियों के खोल

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है। घटना से पुलिस को गोली का खोल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आस-पास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है।




# Encounter में मारा गया पंजाब का कुख्यात गैंगस्टर, हुए बड़े खुलासे





**जालंधर( अंशु कपूर ) :** सीमावर्ती जिला गुरदासपुर के पुलिस स्टेशन बटाला के अंतर्गत आते थाना रंगड़ नंगल की सीमा में पुलिस के साथ हुए मुकाबले के दौरान एक गैंगस्टर के मारे जाने की खबर है पुलिस पार्टी ने नाके के दौरान मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने मोटरसाइकिल फैंक कर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत उसका पीछा किया और गोलीबारी में आरोपी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर गिया गया है। ऑपरेशन के दौरान गोली लगने से एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया पर सुरक्षा कारणों के कारण पुलिस द्वारा उसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत स्थिर है और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। मारे गए गैंगस्टर की पहचान रणजीत सिंह उर्फ राणा पुत्र मलकीत सिंह निवासी गांव माड़ी कलां, जिला मजीठा, अमृतसर के रूप में हुई है। वह कई मामलों में वांछित बताया जा रहा है। सरपंच चुनाव के दौरान तरनतारन में एक सरपंच की हत्या के आरोप में उसके खिलाफ मामला दर्ज है जबकि हरिके के कमीशन एजेंट राम गोपाल की हत्या में शामिल होने के आरोप में भी उसके खिलाफ मामला दर्ज है।



इसके साथ ही उसके खिलाफ जालंधर में भी मामला दर्ज होने की बात की जा रही है। रणजीत सिंह कुख्यात अपराधी प्रभ दासूवाल व बलविंदर डोनी बल और विदेश में रहने वाले गैंगस्टर मन घनश्यामपुरा का राईट हैंड हाथ माना जाता है। उसने इन गैंगस्टरों के निर्देश पर सक्रिय रूप से अपराध किए।

# पंजाब में शीतलहर जारी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में मौसम ने फिर से करवट ले ली है, जिस वजह से राज्य में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में कुछ इलाकों में बारिश की संभावनाएं भी हैं। क्योंकि दो वेस्टर्न डिस्टरबैंस एक्टिव हो चुके हैं। जबकि कई शहरों में घना कोहरा रहेगा।

### राज्य में आज घना कोहरा पड़ा

आज सुबह-सुबह मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही तेज हवाएं चल रही थी तो वहीं कई इलाकों में घना कोहरा भी देखने को मिला। अमृतसर में जीरो विजिबिलीटी रही। जिस कारण अमृतसर आने वाली कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा और कई देरी से लैंड भी हुईं।

### इन जिलों में जारी ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने अमृतसर, तरनतारन, नवांशहर, लुधियाना, कपूरथला, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला में कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के बाकी शहरों में यैलो अलर्ट है। इस दौरान राहीगरों को सावधानी से गाड़ी चलानी के लिए कह रहे हैं।



# सुल्तानपुर लोधी में नगर कीर्तन के दौरान चली तलवारें, माहौल हुआ तनावपूर्ण



### एक-दूसरे पर किया हमला

घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जिसमें दिख रहा है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर तेजधार हथियारों से हमला कर रहे हैं। वहीं इस दौरान संगत उन्हें ऐसा करने से भी रोक रही है।

नगर कीर्तन के दौरान यह माहौल देखकर स्थानीय लोग डर गए और उन्होंने इस घटना की निंदा भी की।

### हमने कोई हुल्लड़बाजी नहीं की

वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष ने लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया। रोहन हंस ने कहा कि हमने किसी तरह की कोई बेअदबी नहीं की है और न ही किसी के साथ कोई लड़ाई-झगड़ा किया है। उल्टा उस नौजवान ने हमारे ऊपर हमला किया है। जिसमें मेरे चोटें आई हैं।

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी में ऐतिहासिक गुरुद्वारे से नगर कीर्तन निकाला जा रहा था। इस नगर कीर्तन के दौरान बुलेट बाइक पर युवकों को राह न मिलने पर उन्होंने गतका खेल रहे निहंग के साथ बहसबाजी करनी शुरू कर दी। जिसके बाद बहसबाजी ने हिंसक रूप धारण कर लिया और दोनों तरफ से तलवारें चलीं। जिस कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना में 2 युवक जख्मी हो गए हैं।

### रोकने की कोशिश पर हाथापाई की

समित सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन के दौरान वह गतका खेल रहा था। इस दौरान कुछ नौजवान बुलेट पर आए और उन्होंने रास्ता मांगा। जिसपर उन युवकों को थोड़ा इंतजार करने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने बाइक की रेस देनी शुरू कर दी और नगर कीर्त में खलल डालना शुरू कर दिया।

जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो वह हाथापाई करने पर उतर आए और हमला कर दिया।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# जालंधर में भी वकीलों ने की हड़ताल, श्री फतेहगढ़ साहिब में वकील पर हुए हमले का किया विरोध

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब में आज वकील हड़ताल पर हैं और वह कोई काम नहीं करेंगे।

श्री फतेहगढ़ साहिब में हुए नगर परिषद चुनाव में वकील पर हमला किया गया था। जिस पर पुलिस की तरफ से सख्त कार्रवाई न करने के खिलाफ वकीलों में गुस्सा है। इसी वजह से वकील हड़ताल पर हैं। जालंधर बार एसोसिएशन के वकीलों ने भी इसका समर्थन किया और हड़ताल की।




**रिवॉल्वर के बट से किया था हमला**

दरअसल नगर परिषद चुनाव के दौरान वकील हसन सिंह पर विधायक गैरी वडिंग के भाई और उसके साथियों ने हमला किया था। हमलावरों ने उनके सिर पर रिवॉल्वर की बट से वार किया और तेजधार हथियारों से भी हमला किया। गंभीर रूप से घायल वकील को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**500 से ज्यादा मामलों की सुनवाई प्रभावित**


हड़ताल के कारण अकेले 500 से अधिक मामलों की सुनवाई प्रभावित हो रही है। 9 जनवरी को भी वकीलों ने राज्यव्यापी हड़ताल की थी और फतेहगढ़ साहिब में एसएसपी ऑफिस के बाहर धरना दिया था। अब आज 16 जनवरी को पूरे पंजाब के वकील एक बार फिर इंसाफ की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मंत्री को दी थी धमकी, आरोपी गिरफ्तार; 30 लाख की मांगी थी रंगदारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** बिहार पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी थी। उसने मंत्री से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी, नहीं तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई बताकर फोन किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, उसने 30 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। मंत्री ने इस घटना के बारे में बिहार के पुलिस महानिदेशक को भी सूचित किया था।

बिहार पुलिस के एक बयान के अनुसार, मंत्री से औपचारिक शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता का इस्तेमाल करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से वह मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिससे मंत्री को धमकी भरी कॉल की गई थी। आरोपी को अब पटना लाया जा रहा है।



## जम्मू जाने वाली 65 ट्रेनें रद... पंजाब के यात्रियों की बढ़ी परेशानी, बस अड्डों पर लगी भीड़

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** उत्तर रेलवे जम्मूतवी स्टेशन के पुनर्निर्माण के कार्य के कारण जम्मू रेलवे यार्ड में रेल ब्लॉक किया गया है। इसके मद्देनजर छह मार्च तक पठानकोट होकर जम्मूतवी, ऊधमपुर और कटरा आने जाने वाली 65 ट्रेन अगले 53 दिन तक रद्द रहेंगी। साथ ही तीन ट्रेनों को पठानकोट कैंट और पठानकोट जंक्शन स्टेशनों पर शार्ट टर्मिनेट किया गया है।

**यात्री बसों की ओर कर रहे हैं रुख**

कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू को नई डिवीजन घोषित किया था। इसके बाद जम्मूतवी स्टेशन की डेवलपमेंट और नए प्लेटफॉर्म का काम किया जा रहा है। इसके कारण उत्तर रेलवे ने ब्लॉक किया है। इससे दूर-दराज से आकर जम्मू और कटरा माता वैष्णो देवी जाने वाले यात्रियों समेत अन्य लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यात्रियों को पठानकोट से महंगे किराए खर्च करके बसों के जरिए जम्मू और कश्मीर जाना पड़ रहा है। बाहरी राज्यों से आने वाली अन्य ट्रेनों का ठहराव ज्यादातर पठानकोट कैंट पर ही हो रहा है।

**भारी खर्च पर यात्री जा रहे हैं जम्मू**

रेल सेवा बंद होने के कारण यात्रियों को बस स्टैंड की ओर रुख करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर पहुंचने वाली यात्रियों की लगातार बढ़ रही संख्या के बाद यात्रियों को या तो अतिरिक्त पैसा खर्च कर टैक्सी से जम्मू जाना




पड़ रहा है या फिर घंटों बस का इंतजार करना पड़ रहा है।

पठानकोट बस अड्डे पर पहले से ही जम्मू के लिए एक-दो बस ही चलती है। अधिकतर यात्री रेल के माध्यम से ही जम्मू जाते थे। इसका बड़ा कारण था कि बस के बजाय रेल सुविधा बेहद सस्ती थी। अब ट्रेन सुविधा ठप होने के बाद समस्या बढ़ गई है। यात्रियों की मानें तो एक ट्रेन के रद्द होने के कारण बस स्टैंड पर करीब एक हजार के करीब यात्रियों की भीड़ बढ़ रही है और उन्हें परेशानी हो रही है।

**क्या कहते हैं यात्री**

बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्री राम किशन, देविका रानी, प्रीति ने बताया कि वे सुबह से ही बस स्टैंड पर बैठी हुई है। अभी तक उन्हें कोई बस सुविधा जम्मू के लिए नहीं मिल पाई। उन्होंने बताया कि वे जम्मू यात्रा पर जाना चाहते हैं, दोपहर होने को है,अभी तक सिर्फ दो बसें आई हैं। इस दौरान बसों में धक्का-मुक्की की जा रही है।

इस संबंध में जीएम मनदीप सिंह संधू ने बताया कि यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। इस रूट पर स्पेशल बसें चलाकर यात्रियों को सुविधाएं प्रदान की जाती है। इस मार्ग पर पंजाब रोडवेज के साथ-साथ एचआरटीसी की ओर से भी सुविधाएं दी जा रही है।

यात्रियों को कोई दिक्कत न आए,इसके लिए पंजाब रोडवेज पठानकोट डिपो की ओर से अतिरिक्त प्रयास किया जाएगा।

# विजिलेंस ने जालंधर सिविल अस्पताल में रिश्वत मांगने वाले सिक्योरिटी गार्ड को किया अरेस्ट, Disability सर्टिफिकेट बनवाने के लिए मांगे थे 10 हजार रुपए

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब विजिलेंस की टीम ने जालंधर सिविल अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड को डॉक्टर के नाम पर 10 हजार रुपए की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान नरिंदर कुमार के रूप में हुई है जो होशियारपुर के चक्क साधू वाला गांव का रहने वाला है। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने यह कार्रवाई की है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपने रिश्तेदार के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सिविल सर्जन जालंधर के ऑफिस में एक हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क किया था। लेकिन उसे ई-ट्राईसाइकिल खरीदने के लिए आवश्यक विकलांगता प्रतिशत




नहीं मिल सका।

डॉक्टर के ऑफिस के बाहर तैनात सुरक्षा गार्ड ने विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रतिशत बढ़ाने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता ने आरोपी के साथ हुई बातचीत को अपने फोन पर रिकार्ड कर लिया था, जिसे सबूत के तौर पर विजिलेंस को सौंप दिया गया है। इस शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच के दौरान वे सही पाए गए हैं। क्योंकि उन्हें मौखिक सबूत के साथ-साथ बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मिली है। इस रिपोर्ट के आधार पर उक्त आरोपी नरिंदर कुमार के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के जालंधर रेंज पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED ANM 2 Years Diploma GNM 3 Years Diploma B.Sc (Nursing) 4 Years Degree D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma 10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# अमेरिका में बैठे गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के छह साथी गिरफ्तार, अवैध हथियार करते थे सप्लाई

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** सीआइए स्टाफ तीन और थाना सदर की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपित अमेरिका में बैठे गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के साथ इंटरनेट मीडिया एप से ही संपर्क में थे। यह लोग अपने आका के आदेश पर कत्ल करने के लिए रेकी किया करते थे। इनके पास से एक प्वाइंट 32 बोर पिस्टल, छह जिंदा कारतूस व लूटी गई एक एक्टिवा बरामद की गई है।



## आरोपितों की हुई पहचान

आरोपितों की पहचान गांव मरड़ी कलां थाना मजीठा के अर्शदीप सिंह उर्फ विक्की, गांव मेतला थाना श्री हरगोबिंदपुर जिला गुरदासपुर के प्रिंसदीप सिंह उर्फ प्रिंस, पट्टी रोड थाना भिखीविंड जिला तरनतारन के अनमोल सिंह, गांव ठठा तरनतारन हॉल दशमेश कॉलोनी अटारी रोड थाना झब्बाल जिला तरनतारन के रोहित, गांव ठक्करपुरा थाना सदर पट्टी जिला तरनतारन के सुखराज सिंह उर्फ गूंगा और गांव वल्टोहा के थाना वल्टोहा जिला तरनतारन के जुगराज सिंह उर्फ निक्का के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के कहने पर करते थे अवैध हथियारों की सप्लाई

आरोपित गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के कहने पर अवैध हथियारों की सप्लाई करते थे। उक्त आरोपितों में रोहित, सुखराज व जुगराज मोहाली में पीजी में रहते थे और प्रभ दासूवाल के कहने पर कत्ल करने के लिए रेकी करते थे और इसके अलावा शार्प शूटरों को हथियारों की सप्लाई करते थे। इनकी ओर से तरनतारन में एक व्यक्ति की रेकी भी की थी और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

## रिमांड में खोला हथियारों का गोरखधंधा करने का राज

इनके तीसरे साथी अनमोल सिंह को 14 जनवरी को 88 फुट रोड मजीठा रोड के क्षेत्र से काबू गिया गया। इनसे लूटी गई एक्टिवा बरामद कर ली गई। इन लुटेरों ने प्रभ दासूवाल के कहने पर लूटी थी। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वारदात के समय इस्तेमाल किया गया पिस्टल अपने एक अन्य साथी जुगराज सिंह को दे दिया है। जब इन्हें अदालत में पेश करके रिमांड लिया गया और पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के कहने पर अपने साथियों के साथ मिलकर नाजायज हथियारों की सप्लाई का धंधा करते है।

इसी तरह सीआइए स्टाफ तीन के इंजार्ज बिंदरजीत सिंह की टीम ने फतेहगढ़ चूड़िया बाईपास के क्षेत्र से रोहित, सुखराज सिंह उर्फ गूंगा और जुगराज सिंह उर्फ गूंगा को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक पिस्टल प्वाइंट 32 बोर और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में यह बात सामने आई कि पांच जनवरी 2025 को थाना सदर में पिस्तौल की नौक पर लूटी गई एक्टिवा के मामले में ही उक्त पिस्टल इस्तेमाल किया गया था।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपितों ने जुगराज सिंह उर्फ निक्का को अपनी पिस्तौल दे दी थी। पकड़े गए आरोपित रोहित, सुखराज और जुगराज मोहाली में पीजी में रहते थे और प्रभ दासूवाल के कहने पर कत्ल करने के लिए रेकी करते थे। शार्प-शूटरों को हथियार भी सप्लाई करते थे। इनकी ओर से अमृतसर में ही एक व्यक्ति की रेकी भी की गई थी और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

उन्होंने कहा कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और इनसे कई खुलासे होने की उम्मीद है।

## सरपंच की हत्या की रेकी की थी

सरपंची चुनावों में सरपंच राजविंदर सिंह तलवंडी की पट्टी जिला तरनतारन में जब हत्या हुई थी तो उसकी भी रेकी इन तीन आरोपितों ने ही की थी। पुलिस इन सभी आरोपितों से पूछताछ कर रही है और इनसे कई खुलासे होने की उम्मीद है।

डीसीपी ला एंड आर्डर आलम विजय सिंह ने बताया कि ग्रीन फील्ड मजीठा रोड के सचदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पांच जनवरी 2025 को वह अपनी एक्टिवा पर सवार होकर श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेकने के लिए गया था।

घर वापिस जाते समय 11.40 बजे के करीब वह जब 27 फुट रोड मजीठा रोड पहुंचा तो उसकी एक्टिवा के आगे तीन लुटेरे आ गए और उन्होंने उसकी एक्टिवा रोककर उसकी चाबी निकाल ली। जब उसने उसका विरोध किया तो पीछे खड़े एक व्यक्ति ने पिस्तौल की नोक पर उससे एक्टिवा छीन ली और उसी एक्टिवा पर सवार होकर तीनों लुटेरे फरार हो गए। इस मामले में थाना सदर की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की तो आरोपितों की पहचान की गई।

इस मामले में अर्शदीप सिंह उर्फ विक्की, प्रिंसदीप सिंह उर्फ प्रिंस को 12 जनवरी 2025 को 27 फुट रोड मजीठा रोड से काबू कर लिया गया था।

# जिनके 2 से ज्यादा बच्चे, वही लड़ सकेंगे चुनाव... सरकार ला रही प्रस्ताव

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आज बड़ी घोषणा की है। उन्होंने यह घोषणा चुनाव से संबंधित की है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति सरपंच, नगर पार्षद या महापौर तभी बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों। सीएम ने आगे कहा कि, वे लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे।



नायडू का यह बयान तीन दशक पुराने कानून को निरस्त करने के कुछ ही महीनों बाद सामने आया है, जिसमें दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था।

नायडू पिछले एक दशक से इस बात की वकालत कर रहे हैं कि आबादी की समस्या से निपटने के लिए तेलुगु लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। पिछले साल उन्होंने अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने की जरूरत के बारे में बात की थी। सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है।

उन्होंने कहा, आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते।

# पंजाब के होमगार्डों को लेकर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, 27 साल से ड्यूटी कर रहे जवानों को हर महीने मिलेंगे 10 हजार

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 27 वर्षों तक लगातार सेवा देने वाले होमगार्ड को 10 हजार प्रति माह का भत्ता देने का आदेश दिया है।




अदालत ने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन बताते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को यह भत्ता केवल इसलिए नकारा नहीं जा सकता क्योंकि वह स्थायी या नियमित कर्मचारी नहीं है।

जस्टिस जगमोहन बंसल ने अपने फैसले में कहा कि किसी व्यक्ति को 27 वर्षों तक लगातार सेवा देने के बावजूद भत्ता न देना अन्यायपूर्ण और अनुचित होगा। यह उनके और उनके परिवार के सम्मानजनक जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन है।

अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत जीवन का अधिकार केवल भौतिक अस्तित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार भी है।

## साल 1992 में किया था होम गार्ड ने नामांकन

याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उसे 1992 में पंजाब होम गार्ड में नामांकित किया गया था और वह 2019 तक लगातार सेवा करता रहा। राज्य सरकार ने तर्क दिया कि होमगार्ड केवल एक स्वयंसेवक हैं, न कि सरकारी कर्मचारी। वे दैनिक वेतनभोगी हैं और आवश्यकता अनुसार बुलाए जाते हैं। लेकिन अदालत ने यह तर्क खारिज कर दिया और कहा कि होमगार्ड का चयन उचित प्रक्रिया के माध्यम से होता है, और 10 वर्षों से अधिक की निरंतर सेवा उन्हें एक विशिष्ट दर्जा प्रदान करती है।

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को 2019 में निलंबित किया गया था, लेकिन उसके खिलाफ कोई ठोस जांच नहीं की गई।

हालांकि, अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता 1992 से 2019 तक लगातार काम करता रहा और उसे नियमित रूप से मासिक वेतन मिलता रहा। जस्टिस बंसल ने यह भी माना कि होम गार्ड, पंजाब पुलिस का हिस्सा है, और उसे पुलिस अधिकारी के समान अधिकार और संरक्षण प्राप्त हैं। अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को निलंबन के कारण अन्य नौकरी मिलने की संभावना नहीं है।

## उचित प्रक्रिया के जरिए होता है चयन

अदालत ने यह भी कहा कि होमगार्ड का चयन उचित प्रक्रिया के माध्यम से होता है और 10 वर्षों से अधिक की निरंतर सेवा उन्हें एक विशिष्ट दर्जा प्रदान करती है।

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को 2019 में निलंबित किया गया था, लेकिन उसके खिलाफ कोई ठोस जांच नहीं की गई। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता को निलंबन की तिथि से लेकर सेवा समाप्ति की तिथि तक 10,000 रुपये प्रति माह निर्वाह भत्ता प्रदान करें। हाई कोर्ट ने यह आदेश जागीर सिंह व अन्य द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिया।




# बहन को प्यार में फंसाया, फिर बनाए शारीरिक संबंध, मामा को पता चला तो घर से निकाला और फिर शुरू हुआ खूनी खेल



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के कपूरथला के नजदीक स्थित गांव में एक युवक ने अपने मामा पर गोली पर चला दी, जिससे उसका मामा घायल हो गया। मामा के बेटी के साथ युवक के अवैध संबंध थे। थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

अस्पताल में उपचाराधीन घायल ने थाना कोतवाली की पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि आरोपित सुखवंत सिंह निवासी गांव दुग्गल वाला तरनतारन उसका भांजा है। वह छह महीने तक उसके घर में रहा था।

### भांजे ने अपने ही मामा की बेटी के साथ बनाए संबंध

आरोपित ने उसकी बेटी के साथ अवैध सबंध बना लिए थे। जब इसका पता चला तो उसे घर से निकाल दिया था तथा बेटी की शादी कर दी। बीते 13 जनवरी को देर रात सुखवंत सिंह खिड़की खोल कर घर के अंदर आ गया। जब उसे काबू करने का प्रयास किया तो उसने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर जब आसपास के लोग एकत्र हुए तो हमलावर मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया कि उसकी शादी 20 साल पहले हुई थी। उसके पहले पति की मौत करीब 10 साल पहले हो गई थी। पहले पति से उसका एक 17 साल का बेटा और 14 साल की बेटी है। उक्त दोषी उसके वेहड़े (रहने के स्थान) में ही रहता था, जिससे उसकी दोस्ती हो गई। दोषी का उनके कमरे में आना-जाना लगा रहता था।

25 अगस्त 2022 को जब वह घर आई तो उसकी नाबालिग बेटी नहीं थी। इसके बाद उसने बेटी की खोजबीन की। बाद में पता चला कि दोषी बेटी को शादी का झांसा देकर साथ ले गया है। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गुप्त सूचना पर पुलिस ने दोषी को गिरफ्तार किया और पीड़िता को उसके कब्जे से बरामद किया। अदालत में दोषी ने खुद को बेकसूर बताते हुए रहम की अपील की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और सबूतों की समीक्षा करने के बाद अदालत ने दोषी को उक्त सजा सुनाई।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

वहीं, एक दूसरे खबर की बात करें तो लुधियाना में अतिरिक्त सेशन जज अमरजीत सिंह की अदालत ने साहनेवाल निवासी सुशील कुमार को दुष्कर्म का दोषी पाते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को एक लाख 10 हजार रुपए जुर्माना भरने का भी आदेश दिया है। अदालत ने आदेश में कहा है कि यदि दोषी से यह जुर्माना वसूल हो जाता है, तो उसमें से एक लाख रुपये पीड़िता को दिए जाएं। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि यह मामला पीड़िता की माता की शिकायत पर 26 अगस्त 2022 को पुलिस थाना फोकल प्वाइंट में दर्ज किया गया था।

## गर्लफ्रेंड के साथ होटल में ठहरे युवक ने ताकत बढ़ाने के लिए खाई वियाग्रा, फिर बंद कमरे में हुआ ये कांड

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** होटल में महिला मित्र के साथ पहुंचे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। युवक लखनऊ का रहने वाला था। वह काम के सिलसिले में ग्वालियर आया था। इस दौरान दिल्ली से उसकी महिला मित्र भी आई थी। दोनों कमरा नंबर 301 में ठहरे थे। युवती ने बताया कि वह जब आई तो युवक शराब पी रहा था। शराब पीने के बाद उसने शक्तिवर्धक कैप्सूल का भी सेवन किया था।

दरअसल, लखनऊ एनडीए कॉलोनी निवासी 28 साल का युवक हिमांशु हितैषी इंदौर से ग्वालियर आया था। वह थाटीपुर के मयूर मार्केट स्थित होटल मैक्सन के कमरा नंबर 301 में ठहरा था। रात करीब 9 बजे दिल्ली निवासी महिला भी हिमांशु के पास आई थी। उसने पुलिस को बताया जब वह कमरे में दाखिल हुई, तब हिमांशु शराब और दनादन सिगरेट पी रहा था। उसने हिमांशु को ज्यादा शराब पीने से रोका भी था। लेकिन हिमांशु ने उसकी बात नहीं सुनी। महिला ने बताया कि थोडी देर बाद हिमांशु ने शक्तिवर्धक कैप्सूल खाया। फिर उसकी हालत बिगड़ गई। उसने दम घुटने की शिकायत की। कमरे से बाहर लॉबी में आ गया। उससे बैठा नहीं जा रहा था। जमीन पर लेटकर छटपटाने लगा। हिमांशु की हालत देखकर वह घबरा गई। इसके बाद महिला मित्र ने मदद के लिए होटल स्टाफ को बुलाया। रात एक बजे करीब एंबुलेंस से हिमांशु को अस्पताल ले गए। लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। वहीं, डॉक्टर भी मौत की वजह को यही मान रहे हैं लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

थाटीपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पराशर ने कहा कि युवक ने शराब के नशे के साथ कैप्सूल का सेवन किया है। लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है।



# पंजाब में कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी बैन?

## SGPC ने CM को लिखा पत्र; सिखों को बदनाम करने की कोशिश




**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** मंडी से बीजेपी सांसद और बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले इसका भारी विरोध शुरू हो गया है। इस बीच शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने फिल्म का विरोध करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पत्र लिखा है।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि सिखों की छवि खराब करने वाली और इतिहास को गलत तरीके से पेश करने वाली कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने 17 जनवरी पंजाब में इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है।

### रिलीज होने पर कड़ा विरोध करेगी शिरोमणि कमेटी

शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर यह फिल्म रिलीज हुई तो सिख जगत में आक्रोश और गुस्सा फैल जाएगा, इसलिए राज्य में इस पर प्रतिबंध लगाना सरकार की जिम्मेदारी है। अगर यह फिल्म रिलीज हुई तो शिरोमणि कमेटी इसका कड़ा विरोध करेगी। इस संबंध में पंजाब के सभी डिप्टी कमिश्नरों को मांग पत्र भी भेजे गए हैं।

### बांग्लादेश में नहीं होगी फिल्म रिलीज

बता दें कि फिल्म इमरजेंसी पर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। पहले फिल्म की रिलीज डेट कई बार बदली गई। अब यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, इुस फिल्म को बांग्लादेश में बैन कर दिया गया है। बांग्लादेश में यह फिल्म रिलीज नहीं होगी।

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 1975 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी द्वारा भारत में घोषित आपातकाल पर आधारित है। बांग्लादेश में इमरजेंसी की स्क्रीनिंग रोकने का फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण संबंधों से जुड़ा है।